समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# स्पेस मिशन पर रवाना होने से पहले शुभांशु शुक्ला ने पत्नी को लिखा इमोशनल मैसेज, कहा – 'कोई अकेले अंतरिक्ष मे नंहीं जाता' .

Publisher Published on 25 Jun 2025




## एक्सिओम-4 मिशन से पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने पत्नी कामना को किया धन्यवाद, भावुक पोस्ट मे जंताया आभार।

**नई दिल्ली, 25 जून 2025: भारतीय अंतरिक्ष इतिहास** में नया अध्याय जोड़ते हुए **शुभांशु शुक्ला** आज **एक्सिओम-4 मिशन** के तहत **अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केद्रं (ISS)** की ओर रवाना हुए। इस ऐतिहासिक पल से पहले उन्होंने अपनी पत्नी कामना शुक्ला के लिए एक **भावुक संदेश लिखा**, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

**शुभांशु ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट मे मिशन टीम** और अपने **परिवार का आभार जताते** हुए लिखा – "जैसा कि हम 25 की सुबह इस ग्रह को छोड़ने की योजना बना रहे हैं, मैं मिशन में शामिल सभी लोगों और अपने घर पर मौजूद सभी लोगों का उनके प्यार, आशीर्वाद और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूँ। कामना (पत्नी) को एक बेहतरीन साथी होने के लिए स्पेशल थैंक्यू। कोई भी व्यक्ति अकेले अंतरिक्ष की यात्रा नहीं करता, हम सब बहुतों के कंधों पर खड़े होकर ऐसा कर पाते हैं।"

यह संदेश न केवल एक प्रोफेशनल स्पेस यात्री की भावनाओं को दर्शाता है, बल्कि इस **ऐतिहासिक मिशन** से पहले एक पति-पत्नी के संबंध की गहराई को भी सामने लाता है।

**परिवार मे जंश्न का माहौल**
**शुभांशु शुक्ला** के इस मिशन पर जाने से उनके परिवार में **उत्साह** और **गर्व का माहौल** है। उनके पिता ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "आज मेरा बच्चा मिशन पर जा रहा है। हमें उस पर गर्व है और ईश्वर से प्रार्थना है कि उसका मिशन सफल हो।"

वहीं, मां ने भावुक होते हुए कहा, “आज मैं बहुत खुश हूं। मैं अपनी खुशी शब्दों में बयां नहीं कर सकती। इस पल का हमें बेसब्री से इंतजार था।”

शुभांशु की बहन **शुचि मिश्रा** ने भी अपने भाई की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, “हम भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि मिशन पूरी तरह सफल हो। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है।”

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.